भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **+1219**
शनिवार, 19 सितम्बर, 2020/28 भाद्रपद, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

मेलों और त्योहारों को आयोजित करने हेतु वित्तीय सहायता

**+1219.** श्री चन्देश्वर प्रसादः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में मेलों, त्योहारों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) गत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इसके अंतर्गत स्वीकृत और जारी की गई निधियों सहित इस संबंध में राज्यों से विशेष रूप से बिहार से प्राप्त प्रस्तावों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) निधियों के इष्टतम उपयोग के लिए स्थापित निगरानी तंत्र सहित उक्त अवधि के दौरान राज्यों से इसके अंतर्गत सूचित किये गए निधियों के उपयोग का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देश में विशेष रूप से बिहार राज्य में व्यापार मेले आयोजित हेतु इस तरह के पर्यटन संबंधी अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ग): जी हां । पर्यटन मंत्रालय "आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच)" की योजना के तहत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए देश में मेलों और महोत्सवों तथा पर्यटन से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन के लिए राज्यों और संघशासित प्रदेशों से प्रस्ताव प्राप्त होने पर धनराशि प्रदान करता है। बिहार राज्य सहित विवरण अनुबंध में दिए गए हैं।

(घ) और (ड़): पर्यटन मंत्रालय द्वारा नियमित रूप से निधियों के उपयोग के विवरणों पर नजर रखी जाती है, जब तक कि राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र पिछले खर्च का पूरा ब्यौरा और स्वीकृत राशि के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करते हैं, किसी भी महोत्सव/कार्यक्रम पर विचार नहीं किया जाता है । पर्यटन मंत्रालय भी महत्वपूर्ण त्योहारों के लिए दिशानिर्देशों के तहत समय पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए राज्यों/संघ शासित प्रदेशों को प्रोत्साहित करता है ।

*****

अनुबंध

मेलों और त्योहारों को आयोजित करने हेतु वित्तीय सहायता के संबंध में दिनांक 19.09.2020 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. **+1219** के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

पिछले तीन वर्षों के दौरान बिहार सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में मेलों और त्योहारों की सूची

(लाख रु. में)

| राज्य का नाम | वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| बिहार | **2019-20** | **(i)** सोनपुर मेला<br>**(ii)** राजगीर महोत्सव | **50.00** |
| चंडीगढ़ | **2017-18** | **(i)** विश्व पर्यटन दिवस<br>**(ii)** चंडीगढ़ कार्नीवल<br>**(iii)** गुलाब महोत्सव । | **30.00** |
| | **2018-19** | **(i)** विश्व पर्यटन दिवस<br>**(ii)** चंडीगढ़ कार्नीवल<br>**(iii)** गुलाब महोत्सव | **30.00** |
| | **2019-20** | **(i)** विश्व पर्यटन दिवस<br>**(ii)** चंडीगढ़ कार्नीवल तथा<br>**(iii)** गुलाब महोत्सव | **30.00** |
| छत्तीसगढ़ | **2018-19** | बस्तर दशहरा लोकोत्सव | **10.00** |
| | | राजिम कुंभ महोत्सव और भोरमदेव महोत्सव | **15.00** |
| | **2019-20** | राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव | **20.00** |
| हरियाणा | **2017-18** | **(1)** पिंजौर महोत्सव, **2017**<br>**(2) 32** वें सूरजकुंड उत्सव, **2018** के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | **55.00** |
| | **2018-19** | सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला का आयोजन | **30.00** |
| | **2019-20** | आम महोत्सव का आयोजन | **25.00** |
| | | विरासत महोत्सव | **25.00** |
| झारखंड | **2017-18** | इटखोरी मेला | **25.00** |
| | **2019-20** | भैरवनाथ महोत्सव और शरद महोत्सव का आयोजन, नेतरहाट | **50.00** |
| हिमाचल प्रदेश | **2017-18** | अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव | **25.00** |
| | **2018-19** | अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव | **25.00** |
| | **2019-20** | अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव | **25.00** |
| | | शिवरात्रि महोत्सव | **25.00** |

| राज्य का नाम | वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | **2017-18** | **(i)** पचमढ़ी उत्सव, पचमढ़ी<br>**(ii)** जल महोत्सव, हनुवंतिया<br>**(iii)** खजुराहो नृत्य महोत्सव | **50.00** |
| | **2018-19** | पचमढ़ी उत्सव तथा जल महोत्सव | **35.00** |
| | | खजुराहो नृत्य महोत्सव | **15.00** |
| | **2019-20** | **(i)** पचमढ़ी उत्सव, पचमढ़ी<br>**(ii)** जल महोत्सव हनुवंतिया<br>**(iii)** खजुराहो नृत्य महोत्सव | **50.00** |
| | **2020-21** | बैगा ओलंपिक | **20.00** |
| पंजाब | **2017-18** | **(1) 142**वां श्री बाबा हरिवल्लभ संगीत समारोह, जालंधर<br>**(2)** आनंदपुर साहिब में होला मोहल्ला | **20.00** |
| | **2018-19** | सूफी महोत्सव, हरिवल्लभ संगीत समेलन | **30.00** |
| | | पटियाला विरासत महोत्सव | **20.00** |
| | **2019-20** | सूफी महोत्सव और होला मोहल्ला त्यौहार | **50.00** |
| उत्तर प्रदेश | **2017-18** | शिल्पोत्सव, **2017** नोएडा | **25.00** |
| | | नैमिषारण्य, सीतापुर में सांस्कृतिक/पर्यटन विकास पर दो दिवसीय संगोष्ठी | **25.00** |
| | **2018-19** | शिल्पोत्सव, **2018** नोएडा | **30.00** |
| | | ताज महोत्सव-**2018** | **25.00** |
| | | गंगा महोत्सव | **25.00** |
| | **2019-20** | **(i)** गंगा महोत्सव- वाराणसी<br>**(ii)** दीपोत्सव, अयोध्या<br>**(iii)** ताज महोत्सव, आगरा | **50.00** |
| कर्नाटक | **2019-20** | हम्पी उत्सव, **2020** | **25.00** |
| केरल | **2017-18** | होम स्टे और ग्रामीण पर्यटन एवं यात्रा पर सम्मेलन, **2017** एर्नाकुलम;<br>सर्गालय अंतर्राष्ट्रीय कला और शिल्प महोत्सव - 2017-18; प्रेजिडेंट ट्रॉफी बोट रेस | **50.00** |
| | **2018-19** | नेहरू ट्रॉफी बोट रेस | **25.00** |
| | | सर्गालय अंतर्राष्ट्रीय कला और शिल्प महोत्सव | **25.00** |
| | **2019-20** | केरल होम स्टे एंड टूरिज्म सोसाइटी द्वारा होम स्टे और ग्रामीण पर्यटन एवं यात्रा पर सम्मेलन, **2019** का आयोजन | **10.00** |

| राज्य का नाम | वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| | | नेहरू ट्रॉफी बोट रेस | **25.00** |
| | | नौवां सर्गालय अंतर्राष्ट्रीय कला और शिल्प महोत्सव | **15.00** |
| तमिलनाडु | **2017-18** | ममल्लापुरम में भारतीय नृत्य समारोह | **25.00** |
| | **2018-19** | ममल्लापुरम में भारतीय नृत्य समारोह | **25.00** |
| | **2019-20** | **(i)** भारतीय नृत्य महोत्सव<br>**(ii)** कुमारी महोत्सव<br>**(iii)** पर्यटन सांस्कृतिक महोत्सव | **50.00** |
| तेलंगाना | **2017-18** | तीसरा अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव और हैदराबाद में गोलकोंडा मास्टर्स गोल्फ चैम्पियनशिप | **45.00** |
| | **2018-19** | बथकम्मा उत्सव | **25.00** |
| | | चौथा अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव | **25.00** |
| | **2019-20** | बथुकम्मा महोत्सव और पतंग महोत्सव का आयोजन | **50.00** |
| पुड्डुचेरी | **2018-19** | अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव, कराईकल कार्निवाल और यनम पीपुल्स फेस्टिवल | **30.00** |
| असम | **2018-19** | अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन | **25.00** |
| | | रोंगाली उत्सव का आयोजन | **25.00** |
| अरूणाचल प्रदेश | **2017-18** | **(i)** तवांग महोत्सव<br>**(ii)** मेंचुका एडवेंचर महोत्सव<br>**(iii)** आरेंज उत्सव,दाम्बुक | **40.00** |
| | **2018-19** | बसर संगम **3.0** महोत्सव | **20.00** |
| | **2019-20** | मियाओ में रिवर ट्राइब के एंगलिंग महोत्सव और बटरफ्लाई सम्मेलन का आयोजन | **50.00** |
| मणिपुर | **2017-18** | मणिपुर संगेई महोत्सव और युवा साहसिक और जल खेल महोत्सव | **50.00** |
| | **2019-20** | **(i)** संगेई महोत्सव<br>**(ii)** युवा साहसिक और जल खेल महोत्सव | **50.00** |
| मेघालय | **2017-18** | वांगला नृत्य समारोह और नोंगक्रेम नृत्य समारोह | **50.00** |
| | **2018-19** | वांगला नृत्य समारोह और नोंगक्रेम नृत्य समारोह | **50.00** |
| | **2019-20** | **(i)**वांगला नृत्य समारोह<br>**(ii)** नोंगक्रेम नृत्य समारोह | **50.00** |
| मिजोरम | **2017-18** | शरदोत्सव और चापचर कुट | **50.00** |
| | **2018-19** | चापचर कुट मेले का आयोजन | **25.00** |
| | **2019-20** | एंथुरियम मेला और शरदोत्सव का आयोजन | **50.00** |

| राज्य का नाम | वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| नागालैंड | **2017-18** | सेरेन्नी महोत्सव, हॉर्नबिल महोत्सव, रेंगमा का नगदाह महोत्सव का आयोजन | **50.0** |
| | **2019-20** | थुवु-नी समारोह, हॉर्नबिल समारोह और सुखरुनी समारोह का आयोजन | **50.00** |
| सिक्किम | **2017-18** | **(i)** रेड पांडा विंटर मेला<br>**(ii)** विश्व पर्यटन दिवस | **50.00** |
| | **2018-19** | विश्व पर्यटन दिवस, रेड पांडा विंटर, गंगतोक के लिए केंद्रीय वित्त सहायता | **50.00** |
| | **2019-20** | विश्व पर्यटन दिवस और रेड पांडा विंटर के आयोजन के लिए केंद्रीय वित्त सहायता | **50.00** |
| त्रिपुरा | **2019-20** | **(i)** पुराना अगरतला के खीरीपुर में खारची मेला<br>**(ii)** नीर महल महोत्सव मेलाघर, सिपाहिजला<br>**(iii)** उदयपुर के माताबारी में आयोजित दिवाली मेला | **42.00** |
| उत्तराखंड | **2017-18** | योग महोत्सव | **25.00** |
| | **2018-19** | टिहरी महोत्सव और अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव | **50.00** |
| | **2019-20** | अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव और टिहरी महोत्सव | **50.00** |
| लेह एवं लद्दाख | **2019-20** | लोसर उत्सव | **15.00** |

*****